समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Thursday, 24 September 2026

# ऑपरेशन सिंदूर के बाद पाकिस्तान के खिलाफ एक और एक्शन ? गृहमंत्री अमित शाह ने जवानों के लिए जारी किया बड़ा ऑर्डर।

Publisher Published on 07 May 2025



## गृह मंत्री अमित शाह ने ऑपरेशन सिंदूर पर सशस्त्र बलों की सराहना की और सभी अर्धसैनिक बलों को सतर्क रहने व छुट्टी पर गए कर्मियों को लौटने के निर्देश दिया है.

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने पहलगाम आतंकवादी हमले के जवाब में पाकिस्तान में भारतीय सशस्त्र बलों द्वारा किए गए हमलों के मद्देनजर बुधवार (7 मई 2025) को सभी अर्धसैनिक बलों के प्रमुखों को निर्देश दिया कि वे छुट्टी पर गए अपने कर्मियों को वापस बुला लें. शाह जम्मू कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा और मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला के साथ लगातार संपर्क में हैं. उन्होंने उनसे यह भी सुनिश्चित करने को कहा कि सीमावर्ती क्षेत्रों में रहने वाले आम नागरिकों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया जाए.

सूत्रों ने कहा कि उन्होंने संबंधित अधिकारियों से आपात स्थिति में नागरिक आबादी के आश्रय के लिए बंकरों को तैयार रखने को भी कहा है. उन्होंने कहा कि गृह मंत्री ने सभी केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों के प्रमुखों को अपने उन कर्मियों को वापस बुलाने का निर्देश दिया जो छुट्टी पर हैं. शाह ने देश में आंतरिक सुरक्षा स्थिति की भी समीक्षा की और शीर्ष सुरक्षा अधिकारियों को सतर्क रहने और कड़ी निगरानी रखने को कहा.

ऑपरेशन सिंदूर को लेकर गृह मंत्री का निर्देश
गृह मंत्री ने ‘ऑपरेशन सिंदूर’ को पहलगाम में निर्दोष लोगों की नृशंस हत्याओं के प्रति भारत का जवाब बताया. उन्होंने यह भी कहा कि नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार भारत और उसके लोगों पर किसी भी हमले का मुंहतोड़ जवाब देने के लिए कृतसंकल्प है और भारत आतंकवाद को जड़ से मिटाने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है. जम्मू कश्मीर के पहलगाम में 22 अप्रैल को हुए आतंकवादी हमले के जवाब में भारतीय सेना ने यह कार्रवाई की. पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले में 26 लोग मारे गए थे.

केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में आतंकी ठिकानों को तबाह करने के लिए भारतीय सुरक्षा बलों की तरफ ऑपरेशन सिंदूर चलाए जाने के कुछ घंटे बाद बुधवार (7 मई) को केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक की अध्यक्षता की. सूत्रों ने बताया कि वह सुरक्षा मामलों पर कैबिनेट समिति (CSC) की बैठक की भी अध्यक्षता करेंगे, जिसमें मौजूदा हालात की समीक्षा की जाएगी. सूत्रों ने बताया कि बैठक में रक्षा बलों के रात में चलाए गए अभियान पर प्रस्ताव भी पारित किया जा सकता है. भारतीय सशस्त्र बलों ने मंगलवार और बुधवार की दरमियानी रात पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में नौ आतंकवादी ठिकानों पर मिसाइल हमले किए, जिनमें बहावलपुर में जैश-ए-मोहम्मद का गढ़ और मुरीदके में लश्कर-ए-तैयबा का ठिकाना शामिल है.

---

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.